बृहस्पतिवार 14.11.2024 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- पिथौरागढ़ जिले का प्रसिद्ध जौलजीबी मेला आज से शुरू, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 64 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- मुख्यमंत्री ने कहा– प्रदेश सरकार स्थानीय उत्पादों को अन्य राज्यों और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है।
- चमोली जिले में स्थित श्री बद्रीनाथ धाम में प्रदेश का पहला गैस इंसुलेटेड सबस्टेशन स्थापित किया जाएगा।
- पिथौरागढ़ जिले में आदि कैलाश और ओम पर्वत दर्शन यात्रा कल से शीतकाल के लिए बंद होगी।
- ड्रग्स मुक्त देवभूमि अभियान के तहत एसटीएफ ने देहरादून से एक नशा तस्कर को अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया।

**जौलजीबी मेला**

कुमाऊं मंडल और पिथौरागढ़ जिले का प्रसिद्ध जौलजीबी मेला आज से शुरू हो गया। मेले के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिले के विकास के लिए 64 करोड़ रुपये से अधिक की 18 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मेले में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री धामी ने कहा कि यह मेला भारत–नेपाल और अन्य सीमांत क्षेत्रों में भावनात्मक संबंधों और सामाजिक प्रेम को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि जौलजीबी मेला राज्य की समृद्ध परंपराओं को आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाने में विशेष योगदान दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जौलजीबी मेला स्थानीय काश्तकारों को एक मंच प्रदान करता है। राज्य मिलेट मिशन पर बोलते हुए श्री धामी ने कहा कि ये योजना स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दे रही है।

पिथौरागढ़ जिले को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदि कैलाश दौरे से इस सीमांत जिले को नई पहचान मिली है और इस क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार जिले में सभी सुविधाओं के विकास के लिए विभिन्न विकास कार्य कर रही है।

**गौचर मेला**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश सरकार स्थानीय उत्पादों को राज्य के सभी जिलों के साथ ही देश के अन्य राज्यों व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने गौचर में 72वें राज्य स्तरीय औद्योगिक विकास और सांस्कृतिक मेले के शुभारंभ अवसर पर ये बात कही। इस मौके पर श्री धामी ने गौचर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को उच्चीकरण करने के साथ ही कई अन्य घोषणाएं की। मेला 20 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा।

**गैस इंसुलेटेड सबस्टेशन**

चमोली जिले में स्थित श्री बद्रीनाथ धाम में प्रदेश का पहला गैस इंसुलेटेड सबस्टेशन स्थापित किया जाएगा। सबस्टेशन की स्थापना से बद्रीनाथ धाम में 24 घंटे बिजली आपूर्ति होगी। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में आज देहरादून में व्यय वित्त समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य सचिव ने राज्य योजना के तहत बागेश्वर–अमसरकोट मोटर मार्ग से नन्दी गांव तक मोटर मार्ग के निर्माण कार्य के लिए 8 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि स्वीकृत की।

**सड़क की मांग**

बागेश्वर जिले में कठपुड़िया से तल्ला कुलाऊं मोटर मार्ग का निर्माण जल्द ही किया जाएगा। इसके लिए जिलाधिकारी आशीष भटगाईं ने निर्माण कार्य में आ रही रुकावटों को दूर करने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीणों की परेशानियों को दूर करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। मोटर मार्ग के निर्माण के लिए ग्रामीण लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क न होने के कारण वे मीलों पैदल चलने को मजबूर हैं।

**सड़कों को गड्ढा मुक्त**

हरिद्वार के औद्योगिक क्षेत्र सिडकुल में मुख्य और आंतरिक सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के लिए लोकनिर्माण विभाग ने 3 करोड़ 86 लाख रुपये का बजट स्वीकृत कर दिया है। गौरतलब है कि सिडकुल की मुख्य और आंतरिक सड़कों में जगह–जगह गड्ढे होने से वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानियों को सामना करना पड़ता है।

**आदि कैलाश यात्रा**

पिथौरागढ़ जिले में आदि कैलाश और ओम पर्वत दर्शन यात्रा कल से शीतकाल के लिए बंद हो जाएगी। धारचूला के उपजिलाधिकारी के अनुसार इस बार अप्रैल से अब तक करीब 140 दिन तक चली यात्रा में आदि कैलाश और ओम पर्वत के दर्शन के लिए 31 हजार इनर लाइन परमिट जारी किए गए हैं। गौरतलब है कि 12 अक्टूबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आदि कैलाश मानसरोवर और ओम पर्वत के दर्शन किए थे। प्रधानमंत्री के दौरे के बाद आदि कैलाश और ऊं पर्वत के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हुई है। इस वर्ष लगभग 31 हजार तीर्थयात्रियों ने आदि कैलाश की यात्रा की। मौसम सामान्य होने पर अगले वर्ष अप्रैल में यात्रा को फिर से शुरू किया जाएगा।

**अंतर्राष्ट्रीय ड्रग्स तस्कर गिरफ्तार**

ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत प्रदेश में नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने देर रात एक अंतरराष्ट्रीय नशा तस्कर तालिब खान को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर के पास से करीब 261 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई है।

**केदारनाथ चुनाव**

केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव में इस बार कुल 90 हजार 8 सौ 75 मतदाता छह प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इनमें से 18 सौ 37 युवा मतदाता पहली बार मतदान करेंगे। वहीं 193 दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग भी मतदाता पोस्टल बैलेट से अपने घर पर ही मतदान कर रहे हैं। सामान्य प्रेक्षक विनोद शेषन ने बताया कि केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव में जो मतदाता मतदान पोलिंग बूथ तक नहीं पहुंच सकते हैं उन्हें घर पर ही मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

**सीएम भराड़ीसैंण दौरा**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज ग्रीष्मकालीन राजधानी भराड़ीसैंण में स्थानीय लोगों से मुलाकात की और प्रशासन द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों पर फीडबैक व सुझाव लिए। भराड़ीसैंण में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के साथ ही गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। श्री धामी ने कहा कि विधानसभा भराड़ीसैंण में सड़क और हवाई कनेक्टिविटी के साथ सम्पूर्ण क्षेत्र के विकास के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

**द्वितीय केदार के कपाट**

रूद्रप्रयाग जिले में स्थित द्वितीय केदार मद्महेश्वर के कपाट आगामी 20 नवंबर को शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। कपाट बंद होने के बाद चल उत्सव विग्रह डोली विभिन्न पड़ावों से होते हुए 23 नवंबर को शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में विराजमान होगी। बदरी– केदार मंदिर समीति के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने बताया कि अब तक 15 हजार से अधिक श्रद्धालु मद्महेश्वर के दर्शन कर चुके हैं।

**गढ़भोज**

चंपावत जिले के लोहाघाट स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गृह विज्ञान विभाग की ओर से गढ़भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्राओं ने कुमाऊंनी व्यंजन परोसे। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सोनाली कार्तिक ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्वतीय क्षेत्रों में पाए जाने वाले मोटे अनाज में मौजूद पौष्टिक तत्वों की जानकारी देना है। इस दौरान छात्राओं ने उड़द दाल के बड़े, खुजेरे, चावल के माड़े, भट्ट की दाल, आलू व मूली की थिचौड़ी, आलू गुटके, भांग की चटनी, गहत के डब्बे सहित अन्य व्यंजन बनाए।

**संक्षिप्त समाचार–**

- हरिद्वार में गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व को उत्साह के साथ मनाया। इस दौरान हरिद्वार शहर में प्रभात फेरियां निकाली गईं और गुरुद्वारों में विशेष कीर्तन और लंगर का आयोजन किया गया।

- कुमाऊं विश्वविद्यालय ने परीक्षा फार्म भरने की तिथि 17 नवंबर तक बढ़ा दी है। इससे पहले विश्वविद्यालय में परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 10 नवंबर निर्धारित की गई थी।

- उत्तरकाशी जिले में उडरी गांव के ग्रामीणों ने खुली बैठक कर शादी समेत अन्य समारोह में शराब परोसने पर रोक लगा दी है। शादी समारोह में शराब पिलाने पर संबंधित के खिलाफ 50 हजार रुपये का अर्थदंड लगाने का निर्णय लिया गया।

- बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने की प्रक्रिया के तहत आज आदि केदारेश्वर और आदि गुरु शंकराचार्य मंदिर के कपाट बंद होंगे।

- पौडी के जिलाधिकारी डॉक्टर आशीष चौहान ने आज पौड़ी के निकट नवनिर्मित हंटर हाउस का निरीक्षण किया। हंटर हाउस का मुख्य उद्देश्य लोगों में गुलदार के व्यवहार के प्रति जागरूकता पैदा करना और मानव–तेंदुआ के संघर्ष को कम करना है।

**प्रशिक्षण कार्यशाला**

नैनीताल स्थित डॉक्टर आरएस टोलिया उत्तराखंड प्रशासनिक अकादमी की पहल पर टिहरी जिले के कर्मचारियों के लिए तीन दिवसीय आउटरीच प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जा रही है। पहले दिन विभिन्न विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों को ई–गवर्नेंस के तहत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में लिंग संवेदनशीलता, यौन उत्पीड़न और पॉश एक्ट की भी जानकारियां दी गईं।

**महिलाओं को जागरूक**

पौड़ी जिले के रिखणीखाल ब्लाक में पुलिस ने महिला अपराध को रोकने के लिए जागरूक अभियान चलाया। इस दौरान महिलाओं को साइबर अपराध से बचाव के साथ ही महिला अपराध उन्मूलन को लेकर जानकारियां दी गई। जिले के अपर उपनिरीक्षक कैलाश जोशी ने बताया कि किसी भी तरह की जानकारी और सहायता के लिए हेल्प लाइन नंबर 1930, 1090 और 112 की मदद ली जा सकती है।